हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

06 चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रमुख दलों और...



10 जिले के 930 सरकारी प्राथमिक व माध्यमिक...





## खबर संक्षेप

### नशा मुक्त भारत अभियान पर बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार 9 दिसंबर को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत संचालित नशा मुक्त भारत अभियान की जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक दोपहर तीन बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सभी सदस्य गणों को उपस्थित होने के लिए सूचित किया गया।

### उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार 9 दिसंबर को जिला स्तरीय उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया है। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं सचिव जिला स्तरीय उभयलिंगी कल्याण बोर्ड ने बताया यह बैठक दोपहर तीन बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में शुरू होगी।

### अवैध क्लीनिकों की जांच के लिए कमेटी गठित

**विदिशा।** नगर सहित जिलेभर में संचालित अवैध क्लीनिक, नर्सिंग होम से लेकर अवैध मेडिकल स्टोर एवं झोलाछाप डॉक्टरों की जांच के लिए सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने 7 अधिकारियों को मिलाकर टीम का गठन किया है। इस टीम का गठन शोभित अग्रवाल के द्वारा लगाए गये सूचना के अधिकार के जबाव में बताया गया है। शोभित अग्रवाल कांग्रेस के सूचना अधिकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हैं। इस टीम में ड्रग इंस्पेक्टर, जिला आयुष अधिकारी, बीएमओ सहित सहयोग व सरंक्षण के लिए एसडीएम और एसडीओपी को शामिल किया गया है।

### एसआईआर सर्वे, वार्डों में विधायक ने किया संपर्क

**विदिशा।** एसआईआर फार्म जमा करवाने विधायक मुकेश टंडन ने वार्ड 19, 21 व 10 में तलैया, किरी, लोहांगी मोहल्ला व भगत सिंह कॉलोनी में जनसंपर्क किया। विधायक घर-घर पहुंचे और लोगों से अपील की कि जिन्होंने अभी तक अपना फार्म बीएलओ को जमा नहीं किया, वे शीघ्र जमा कर दें ताकि उनका नाम मतदाता सूची में बना रहे। इस दौरान डॉ. शरद बिलथरिया, मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, संतोष शर्मा, विकास भट्ट, पप्पू सरदार, रविंद्र रघुवंशी, कौशल अहिरवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता साथ रहे

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस अफसरों को लगाए ध्वज

**विदिशा।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में विशेष कार्यक्रम हुआ। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को पूर्व सैनिकों ने सशस्त्र सेना झंडा लगाकर सम्मानित किया। सैनिक कल्याण बोर्ड के डब्ल्यूओ चंद्रभान सिंह, कैप्टन एसपी चतुर्वेदी, सूबेदार मेजर संतोष श्रीवास्तव समेत अन्य पूर्व सैनिकों ने अधिकारियों से स्वेच्छा से दान राशि एकत्र की। यह राशि शहीदों के परिवारों, वीर नारियों व विकलांग सैनिकों के कल्याण में खर्च होगी। 7 से 13 दिसंबर तक चलने वाले झंडा सप्ताह में सभी से सहयोग की अपील की गई।

### जिला अस्पताल में सिंधिया की प्रतिमा लगाने विधायक टंडन ने कलेक्टर को लिखा पत्र


**विदिशा।** शासकीय जिला अस्पताल परिसर में स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की प्रतिमा लगाने के लिए स्थानीय विधायक मुकेश टंडन ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। अस्पताल का नाम भी स्वर्गीय माधवराव सिंधिया के नाम पर ही है। पिछले कुछ दिनों से उनके समर्थकों के द्वारा अस्पताल परिसर में सिंधिया की प्रतिमा लगाए जाने की मांग की जा रही है।

## पारा 6.5 डिग्री, गतवर्ष की तुलना में 3 डिग्री कम

### अभी कड़ाके की सर्दी पड़ने के हैं आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

उत्तर–पूर्व दिशा से आ रही ठंडी हवाओं के कारण जिले में ठंड का असर तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार यह तापमान पिछले वर्ष की तुलना में 2 से 3 डिग्री कम है, जिससे इस बार ठिठुरन का प्रभाव अधिक महसूस किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय हवाओं का रुख बदलने की संभावना कम है, इसलिए आने वाले दिनों में तापमान में बड़ा परिवर्तन होने की उम्मीद नहीं है। जब तक पूर्वी हवा और बादल नहीं आते, तब तक ठंड में राहत की संभावना भी कम है।कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि यह मौसम रबी फसलों के लिए पूरी तरह अनुकूल है। तापमान स्थिर



रहने से फसलों की वृद्धि पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। साथ ही इस समय कीट-पतंगों की गतिविधि भी नगण्य रहती है, जिससे किसानों को नुकसान की आशंका नहीं है। किसानों को आवश्यकता अनुसार सिंचाई करने की सलाह दी गई है, जिससे फसल विकास में मदद मिलेगी।कुल मिलाकर जिले में मौसम ठंडा जरूर है, लेकिन फसलों, किसानों और आमजन के लिए स्थिति नियंत्रण में है। नागरिकों को सुबह-शाम ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

## कलेक्टर के प्रयासों से खाद की उपलब्धता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रबी सीजन के दौरान किसानों को खाद संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता करा रहे हैं।

कृषि विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिसंबर 2025 में अब तक जिले को बड़ी मात्रा में विभिन्न उर्वरक प्राप्त हो चुके हैं। विभाग के अनुसार जिले में आज तक यूरिया 35,969 मीट्रिक टन, डीएपीध्टीएसपी 20,598 मीट्रिक टन, कॉम्प्लेक्स खाद 13,027 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 4,043



मीट्रिक टन उपलब्ध करा जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने बताया कि जिले को यूरिया के रैक लगातार मिल रहे हैं। किसानों की मांग को देखते हुए यूरिया की आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सौराई रैक के माध्यम से प्रतिदिन खाद की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। तीन दिसंबर को आईपीएल यूरिया का 2669.580 मी.टन, चार दिसंबर को इफको यूरिया का 2658.510 मी.टन, पांच दिसंबर को केएफएल यूरिया का 2669.580 मी.टन, 6 दिसंबर को एनएफएल यूरिया का 2635.470 मी.टन प्राप्त हुआ है। इस प्रकार जिले को 08 दिसंबर तक जिले को कुल 11,633.14 मी.टन यूरिया प्राप्त हो चुका है। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में दो और यूरिया रैक जिले को प्राप्त होंगे, जिससे आपूर्ति और मजबूत होगी। नियमित आपूर्ति किसानों को मिल रही है।

### निकाय से संबंधित मांगों को लेकर गांधी प्रतिमा पर धरने पर पार्षद

## पार्षदों ने अर्द्धनग्न होकर किया प्रदर्शन मनाने धरनास्थल पहुंचे विधायक टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नगरपालिका से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर नीमताल गांधी प्रतिमा पर धरना दे रहे पार्षदों ने सोमवार को अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। पार्षदों ने जब अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया तो स्थानीय विधायक मुकेश टंडन धरना स्थल पहुंचे और पार्षदों से चर्चा की। लेकिन बात नहीं बनी और पार्षदों ने शाम तक आपस में मंत्रणा कर जवाब देने की बात कही।

इस दौरान पार्षदों ने नपाध्यक्ष को वित्तीय प्रभार सौंपे जाने की मांग रखी तो विधायक टंडन ने तत्काल नपाध्यक्ष को चार्ज दिलवाकर मांग पूरी कर दी। डामर रोड और नपाध्यक्ष को चार्ज दिये जाने की मांग पहले शामिल नहीं थी लेकिन इसे बाद में पार्षदों ने अपनी मांगों में शामिल किया है। लेकिन अन्य मांगों पर भी पार्षद तत्काल एक्शन दिखाने की मांग पर अड़े रहे। नपा के आधा दर्जन पार्षद अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं



विदिशा। गांधीप्रतिमा पर अर्द्धनग्न प्रदर्शन कर रहे पार्षदों को मनाने पहुंचे विधायक।

और 27 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्षदों ने अलग अलग तरीके से भी प्रदर्शन कर सरकार और प्रशासन का ध्यान खीचने का प्रयास कर चुके हैं। लेकिन अभी तक प्रशासन और सरकार की तरफ से किसी ने भी प्रदर्शन को खत्म कराने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया है। इस संबंध में पार्षदों का दल राजनैतिक और प्रशासनिक स्तर पर बातचीत कर चुका है।

गांधी प्रतिमा पर धरना देने वाले पार्षदों में प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र सक्सेना, अशोक जाट, जमना कुशवाह, दीपक कुशवाह, राजेश लोधी शामिल हैं। धरना प्रदर्शन के शुरुआती दिनों में पार्षदों की संख्या डेढ़ दर्जन के आसपास थी। लेकिन पार्षद पीछे हटते चले गये। लेकिन पांच पार्षद पिछले 27 दिनों से धरनास्थल पर ही डटे हुए हैं। इन पार्षदों की मांग है कि कार्यों को प्राथमिकता से कराए जाने के कदम उठाए जाएं। नपा के अधिकारियों व शाखा प्रभारियों को बदले जाने की मांग प्रमुखता से शामिल हैं।

### निर्माण कार्य चालू कराने पर अड़े पार्षद

लाइन के उस पार दुर्गानगर पूरनपुरा क्षेत्र में 6 टंकियों का वर्कआर्डर जारी हो चुका है। लेकिन अभी तक निर्माण कार्य चालू नहीं हो सका है। इन टंकियों का निर्माण होने से अहमदपुर रोड, पूरनपुरा, टीलाखेड़ी से लेकर बंटीनगर, सागर पुलिया तक घरों तक पानी की सप्लाई सुगम हो जाएगी। प्रत्येक घर तक पानी आसानी से पहुंचने लगेगा।

### डामर रोड बनाने की मांग कर रहे हैं पार्षद

माधवगंज स्कूल नीमताल से बांसकुली होते हुए बड़ा बाजार तक डामर रोड चालू कराया जाए। इस कार्य का वर्कआर्डर जारी हो चुका है लेकिन कार्य चालू नहीं हो सका है। इसके अलावा माधवगंज से बड़ाबाजार होते हुए रामलीला चौराहे तक डामर रोड बनाया जाए। इसका पहले डामर रोड का वर्कआर्डर जारी हुआ था। लेकिन बाद में इसे सीसी निर्माण में बदल दिया गया था।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान आवेदन 9 तक होंगे

**विदिशा।** कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी किसानों से उन्नत कृषि यंत्र अपनाने की अपील की गई है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन हेतु उपलब्ध कराए जा रहे आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर, श्रेडर आदि का उपयोग करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी इस दिशा में प्रयास बढ़ाने का आग्रह किया। अनुदान हेतु आवेदन 9 दिसंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, श्रेडरमल्चर, बेलर, स्ट्रॉ रेक एवं स्लेशर सहित विभिन्न यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 दिसंबर निर्धारित की गई है। डीडीए कृषि केएस खपेड़िया ने किसानों से अनुदान योजना का लाभ लेने की अपील की है।

## हाईकोर्ट ने काबिज किसानों को माना भूस्वामी, पर अमल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

हाईकोर्ट ग्वालियर ने करीब एक वर्ष पूर्व गुलाबगंज तहसील के मुंगवारा गांव स्थित निष्क्रांत भूमि पर काबिज किसानों को भूस्वामी घोषित किए जाने के बावजूद तहसील ने आदेश का पालन नहीं किया। हाईकोर्ट के फैसले का पालन नहीं किए जाने पर हाईकोर्ट के वकील पवन रघुवंशी ने कोर्ट की अवमानना का प्रदेश शासन सहित तहसीलदार को नोटिस जारी किया है।

शासन ने बटवारे के समय पाकिस्तान जाने वालों की संपत्ति को निस्क्रांत संपत्ति माना है। गुलाबगंज तहसील के मुंगवारा गांव की करीब 100 बीघा जमीन का भी यही मामला है। शासन ने इस भूमि को लैंड रिकार्ड में सरकारी दर्ज कर लिया है। लेकिन हाईकोर्ट ने करीब एक वर्ष पूर्व इस जमीन पर काबिज किसानों को भूस्वामी घोषित कर दिया है। मुंगवारा के यह किसान वर्षो से इस जमीन पर काबिज हैं। लेकिन शासन ने निष्क्रांत संपत्ति से संबंधित कानून को खत्म किया तो इन किसानों का दावा कमजोर पड़ गया था। लेकिन जब इन किसानों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो फैसला किसानों के पक्ष में हुआ था। अब एक वर्ष बीत चुका है लेकिन तहसील कार्यालय के द्वारा हाईकोर्ट के फैसले का पालन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में गुलाबगंज तहसीलदार पलक पीडिहा का कहना है कि उन्होंने संबंध में कार्रवाई के लिए एसडीएम को फाइल भेजी है। मार्गदर्शन और निर्देश मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। एडवोकेट रघुवंशी के अनुसार उन्होने करीब 40 बीघा जमीन के मामले में पैरवी की थी।

## नरवाई नष्ट करने में कारगर साबित हो रहा सुपर सीडर

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे नरवाई प्रबंधन अभियान का असर नजर आने लगा है। नटेरन अंतर्गत दिघौनी के किसान श्यामसुंदर माथुर ने इस वर्ष भी अपने खेत में सुपर सीडर के माध्यम से उन्नत किस्म के गेहूं बीज की बौनी की है। वर्ष 2024-25 में प्रयोग सफल रहा था। सुपर सीडर से क्षेत्र के अन्य किसानों के खेतों में भी बुवाई कराई। कृषि अधिकारी रजत जैन द्वारा पंचायत स्तर पर चलाए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं नरवाई प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रमों का भी किसानों पर अच्छा प्रभाव पड़ा है। इससे क्षेत्र में नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूकता निरंतर बढ़ रही है।

## नोटिस मामले में पत्रकारों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

### कलेक्ट्रेट भवन पहुंचकर पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

तहसीलदार विदिशा द्वारा पत्रकारों को नोटिस दिये जाने के मामले में आक्रोशित पत्रकारों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने भी पत्रकारों को नोटिस दिये जाने पर ज्ञापन सौंपकर नोटिस वापस करने की मांग रखी।

तहसीलदार ने वाट्सग्रुप पर पत्रकारों के द्वारा की गई चर्चा और कमेंट से नाराज होकर तीन पत्रकारों को नोटिस जारी किया था। इसी से नाराज होकर विदिशा शहर के पत्रकारों ने कार्रवाई किये जाने की मांग करते हुए सचिन तिवारी ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ पत्रकार भरत राजपूत, राजेश जैन, अरुण त्रिवेदी, नवेद खान, रवि साहू, विनय सक्सेना, सीताराम मालवीय, विवेक ठाकुर, शाहिद अहमद, नितिन महेश्वरी, अवधेश दुबे, जितेंद्र राजपूत, राकेश मीणा, संतोष रैकवार, राहुल चिड़ार, अविनाश उज्जैनिया, योगेश वासुदेव, मनोज परिहार, दीपक नामदेव, जितेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, कोमल सेन, ओपी जोशी, पुष्पराज, सोनू नामदेव, संदीप शर्मा, मनोज श्रीवास्तव आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## विदिशा नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने वापस कार्यभार संभाला, पहुंचीं नपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नगरपालिका में चली उठापटक के बाद उपाध्यक्ष को चार्ज सौंपने के बाद सोमवार को नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने पुनः चार्ज संभाल लिया है। सोमवार को वे अपने कक्ष पहुंचीं और नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। उल्लेखनीय है कि नपा में चले तनाव के चलते भाजपा संगठन ने अंदरूनी रूप से तय किया था कि विवादों से दूरी बनाने के लिए कुछ समय के लिए नपा उपाध्यक्ष



को वित्तीय प्रभार सौंप दिया जाए। इसके चलते उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति को वित्तीय प्रभार दे दिया गया था। स्वस्थ्य खराब होने की बात कहते हुए नपा उपाध्यक्ष को चार्ज सौंप दिया गया था। धरना दे रहे पार्षद भी चार्ज दिये जाने की मांग पर अड़े थे।

### दिलाया जमीन का कब्जा

**विदिशा।** नटेरन तहसीलदार आनंद जैन ने बताया कि ग्राम पिपरिया में लम्बे समय से लंबित भूमि संबंधी प्रकरण का निराकरण करते हुए राजस्व विभाग ने आवेदक गोपाल अहिरवार को सर्वे क्रमांक 30 की भूमि पर मौका कब्जा विधिवत रूप से सौंप गया है। भूमि पर कब्जा दिलाए जाने के लिए आवेदन किया गया था।

## अवैध शराब के आरोपी जेल भेजे गए 350 पाव देशी मदिरा व बाइक बरामद

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक के मार्गदर्शन में सहायक अधिकारी राजीव थापक एवं साधना पटेल के नेतृत्व में रविवार को अभियान चलाया गया। खामखेड़ा तिराहा पर नाकेबंदी की गई। नाकेबंदी के दौरान संदिग्ध स्थिति में आती टीव्हीएस बाइक को रोका गया। तलाशी में मोटरसाइकिल पर लदे दो थैलों में कुल 350 पाव देसी मदिरा प्लेन अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई। आरोपियों में अजय जादौन निवासी चित्रकूट, जितेंद्र सूर्यावंशी विदिशा को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## नगर में बह रहे 2 नालों के सर्वे के लिए विधायक ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नगर के बीचोंबीच से होकर बहने वाले दो प्रमुख नालों का नये सिरे से सर्वे कराने के लिए विधायक मुकेश टंडन ने कलेक्टर को पत्र लिखा। विधायक ने अपने पत्र में कलेक्टर से अनुरोध किया है कि विभिन्न विभागों के इंजीनियरों की टीम बनाकर इन नालों का सर्वे कराया जाए। विधायक ने पुराने जिला अस्पताल से होकर बालकदास की तलैया, बांसकुली से होते हुए गर्ल्स स्कूल डंडापुरा की तरफ बहने वाले नाले के सर्वे के लिए लिखा है। इसके साथ ही बसस्टेंड के निकट गुलाब वाटिया से प्रारंभ होकर सिंधी कॉलोनी से होता पटेल गार्डन की तरफ बहने वाले नाले का सर्वे कराने की मांग रखी है।

यह दोनों नाले बरसात के समय ओवरफ्लो हो जाते हैं और आवागमन ठप हो जाता है। इन दोनों नालों के कारण नीमताल से बड़ा बाजार का रास्ता बंद हो जाता है। इधर बालकदास की तलैया और बांसकुली में भी रास्ते बंद हो जाते हैं। बड़ा बाजार से लेक डंडापुरा में भी रास्ते जलमग्न हो जाते हैं। इसी तरह सिंधी कॉलोनी वाले रास्ते पर भी पानी भरता है। उक्त दोनों नालों के कारण इन नालों के आसपास मकानों और कॉलोनियों के कई घरों में पानी घुस जाता है। रहवासियों के साथ नपा और प्रशासन के लिए हर साल मुसीबत बनते हैं यह नाले।





## अच्छी खबर अभी बस यही है कि दरवाजा तोड़कर आने में नाकाम हो रही है बुरी खबर : कवि नरेन्द्र जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अच्छी खबर अभी बस यही है कि दरवाजा तोड़कर आने में नाकाम हो रही है बुरी खबर। ब्रज श्रीवास्तव की कविता का जब मुख्य अतिथि मंगलेश डबराल से सम्मानित कवि नरेन्द्र जैन ने पाठ किया तो सभी इसकी गहराई में सोचने लग गए। कवि बृज श्रीवास्तव की कृति ऊब से उनकी कविता पर साहित्यकार और कवियों ने विमर्श करते हुए खूब चर्चा की। कार्यक्रम की




अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर अस्मुरारी नंदन मिश्र ने की। ब्रज श्रीवास्तव और नरेन्द्र जैन ने अपनी-अपनी प्रतिनिधि कविताएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। नरेन्द्र जैन ने कहा कि "ब्रज श्रीवास्तव की सृजनात्मक ऊर्जा अनुपम है और उनकी कविताएं सहज मानव संवेदना को नए धरातल पर प्रतिष्ठित करती हैं। अध्यक्ष प्रो. अस्मुरारी नंदन मिश्र ने कहा"ब्रज श्रीवास्तव की कविताओं में उनका जनपद, उनका परिवेश और उनकी सांस्कृतिक स्मृतियां जीवंत रूप में दिखाई देती हैं। कविता पाठ में मुकेश शर्मा, महेन्द्र वर्मा, दिनेश श्रीवास्तव, आनंद सौरभ और सुलखान सिंह हाड़ा ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। व्यंग्य प्रस्तुति गोविन्द देवलिया और लक्ष्मीकांत कालुस्कर ने दी। कार्यक्रम में रवीन्द्र प्रजापति, निश्चला शर्मा, कोमल मिश्र, केसर जहां, ओपी चतुर्वेदी, सत्येन्द्र सत्यज, ध्रुव शर्मा और शैलेन्द्र राठौर प्रमुख थे। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य वेद प्रकाश शर्मा ने दिया तथा आभार प्रदर्शन सुनील जैन द्वारा किया गया। श्री हरिवृद्धाश्रम में यह आयोजन संपन्न हुआ।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-700
उच्चतम भाव-5230
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7610
चना
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव- 5741
मसूर
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-7200
ज्वार
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5900
मक्का
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव- 1705
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3131
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3570
गेंहू
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3200
उड़द
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6061
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3026
धनिया
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-9150
मूंग
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5000


### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 39349 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## एसआईआर सर्वे: समय सीमा 11 दिसंबर से पहले 8 और 9 को होना है ग्राम सभा

# चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रमुख दलों और अधिकारियों ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा






इन दिनों प्रदेश भर में एसआईआर सर्वे का काम चल रहा है। पहले सर्वे की समय सीमा 9 दिसंबर तय थी, लेकिन बाद में चुनाव आयोग ने अंतिम तिथि बढाकर 11 दिसंबर कर दी है। इस बीच चुनाव आयोग के निर्देश पर 8 और 9 दिसंबर को गांवों में ग्राम सभाओं और नगरीय क्षेत्र में बूथों के माध्यम से सभी प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों ने सर्वे कार्य की गहन समीक्षा की। ताकि कोई भी नाम सर्वे से न छूट पाए और कोई नाम असंगत तरीके से हटाया न जा सके।

यहां उल्लेखनीय है कि गंजबासौदा ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में कुल 2 लाख 15 हजार 9 सौ 17 मतदाता दर्ज हैं। इन सभी मतदाताओं की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से संबंधित जानकारी एकत्रित की जा रही है। साथ ही नए मतदाताओं, बाहर से आए मतदाताओं, यहां से बाहर शिफ्ट हुए, मृत हो चुके और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज मतदाताओं का गहन सर्वे किया जा रहा है। ताकि सर्वे के बाद परिष्कृत मतदाता सूची तैयार की जा सके। इसी के तहत क्षेत्र में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीएलओ यह कार्य पूरी गंभीरता से कर रहे हैं। अब इस सर्वे में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए राजनैतिक दलों को भी शामिल किया गया है और पिछले दिनों प्रमुख दलों के बूथ लेवल एजेंटों को भी एसआईआर सर्वे के संबंध में जानकारी एवं प्रशिशक्षण दिया गया था।

वहीं अब चुनाव आयोग के निर्देश पर 8 और 9 दिसंबर को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से गांवों में ग्राम सभाओं के माध्यम से और नगरीय क्षेत्र में बूथवार समीक्षा कराई जा रही है। इसी के तहत सोमवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विधायक हरीसिंह रघुवंशी,नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, पूर्व विधायक निशंक जैन, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के अलावा भाजपा कांग्रेस के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों, पार्षदों, सभी पार्टियों के बीएलए सहित एसडीएम संतोष बिटोलिया, अभय शर्मा आदि ने संबंधित बूथों पर पहुंचकर गत शाम तक किए गए सर्वे के आधार पर तैयार सूची का वाचन किया और मतदाताओं की जानकारी की पुष्टि करते हुए गहन समीक्षा की। इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने ग्राम बेहलोट, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने वार्ड क्रमांक 11, पूर्व विधायक निशंक जैन, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास ने अपने अपने क्षेत्र के बूथों पर पहुंचकर सर्वे कार्य की समीक्षा की। उधर ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम संतोष बिटोलिया और अन्य ने सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए सभी को सर्वे सूची पढ़कर सुनाई और मतदाताओं द्वारा दी गई जानकारी की पुष्टि की गई।

## एसजीएस के छात्र कबीर ने जीता रजत पदक




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में गत दिवस बेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे अध्ययनरत एमए प्रथम वर्ष के छात्र कबीर विक्रम सिंह अहिरवार ने 84 किग्रा केटेगरी मे सहभागिता करते हुए स्क्वाट 170 किग्रा, बेंच प्रेस 130 किग्रा एवं डेडलिफ्ट 210 किग्रा कुल 510 किग्रा वजन उठा रजत पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता मे भोपाल संभाग के अंतर्गत आने वाले 28 महाविद्यालओं के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह कोच के रूप मे उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार, योगेश शिल्पकार सहित समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र को शुभकामनाएं प्रेषित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## महिलाओं, बेटियों पर बढ़ते अत्याचारों को लेकर शिव सेना ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ त्योंदा

सोमवार को त्योंदा में शिव सेना द्वारा मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रदेश में बढ़ते बेटियों एवं महिलाओं पर अत्याचार को रोकने के लिए कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मध्य प्रदेश में आए दिन अपराध बढ़ रहे हैं और अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं, बेटियों एवं महिलाओं के साथ बलात्कार और इसी तरह के अन्य अपराध बढते जा रहे हैं और इन पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। जिससे मासूम बेटियों के साथ जिहादियों द्वारा बलात्कार जैसे कृत्य किए जा रहे हैं। बेटियों की जान जा रही है। नाबालिक बच्ची से अगर दुष्कर्म जैसे घिनोने कृत अगर कोई करता है तो उसको फांसी का प्रावधान हो, जिले में मंदिरों के पास एवं शहर के बीचो-बीच जो शराब की दुकान है उनको बंद किया जाए, गौशालाओं को नियमित रूप से चालू किया जाए और गौ माता की देखरेख अच्छे से की जाए इसको व्यवसाय के रूप में चलाया जाए इसके लिए एक समिति का गठन किया जाए। चोरी की घटनाएँ आए दिन बढती जा रही हैं उन पर अंकुश लगाया जाए आदि मांगे शामिल हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि अगर शीघ्र मांगों को पूरा नहीं किया गया तो शिवसेना आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान शिवसेना के धन सिंह कुशवाह, रामबाबू लोधी, परशराम कुशवाहा, विवेक शुक्ला, विष्णु शुक्ला, दीपक लोधी, जसवंत कुशवाह, शिवनारायण लोधी ,नितिन कुशवाहा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत

**गंजबासौदा।** रविवार की शाम बासौदा त्योंदा मुख्य मार्ग पर ग्राम ककरावदा के टपरों के पास एक बाइक सवार फुर्सत शाह पिता चिमन शाह उम्र 62 वर्ष निवासी जवाहर रोड सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों एवं वाहन चालकों ने घायल को उठाया और एंबुलेंस एवं पुलिस को फोन किया। लेकिन जब तक सरकारी मदद पहुंचती तब तक कुछ जागरूक लोगों ने एक निजी वाहन की मदद से गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया। जहां विदिशा में उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। यहां उल्लेखनीय है कि नगर सहित समीपस्थ क्षेत्रों में रात्रि के समय आए दिन वाहन दुर्घटनाऐं घटित हो रही हैं। जिनमें कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं तथा कई लोग अपने हाथ, पैर गवां चुके हैं। वाहन दुर्घटनाएं घटित होने का मुख्य कारण तेज गति से वाहनों का चलाना है। जिसके कारण सामने अचानक कुछ आ जाने से वाहन नियंत्रित नहीं हो पाते हैं।

## सुअर के हमले में घायल हुई महिला को नहीं मिली सहायता राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पिछले माह ग्राम बावली निवासी जसोदा बाई पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गईं थी। सोमवार को दोपहर के समय जसोदा बाई अपने पति और बेटे के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचीं और सहायता राशि दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया।

आवेदन में बताया गया कि 22 नवंबर की दोपहर में जसोदा बाई अपने खेत पर काम कर रही थीं, तभी अचानक एक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके चेहरे और पैर में गहरे घाव हो गए। परिवार ने तुरंत उन्हें नगर के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें विदिशा के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जसोदा बाई के बेटे लखन ने बताया कि उनकी मां की स्थिति गंभीर होने पर वे उन्हें विदिशा इलाज के लिए ले गए, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। आय का कोई स्थायी स्रोत न होने के कारण उन्हें अस्पताल में खाने-पीने और अन्य खर्चों की व्यवस्था करने में काफी मुश्किल हो रही है। आर्थिक परेशानी के चलते परिवार ने एसडीएम को आवेदन देकर सरकारी सहायता की मांग की है। एसडीएम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, जंगली सूअर के हमले की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखा गया है, ताकि नियमों के तहत पीड़ित परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराई जा सके।

## लटेरी से भागे प्रेमी युगल स्थानीय पुलिस के पास पहुंचे, थाने में लगा जमावड़ा



**गंजबासौदा।** सोमवार की शाम नगर के कोतवाली थाना परिसर में दो समुदायों के लोगों के जमावडे से सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लटेरी से एक विशेष समुदाय के युवक और दूसरे समुदाय की युवती अपने घर से भाग आए थे। जिसके बाद आज शाम यह प्रेमी युगल स्थानीय थाने में जा पहुंचा। बाद में युवक और युवती के परिजन एवं उनके समुदायों के लोग भी बडी संख्या में थाना परिसर में जमा हो गए। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि युवक युवती बालिग हैं और युवती ने भी अपने बयानों में परिजनों के साथ जाने से इंकार करते हुए युवक के साथ ही रहने की बात कही। जिस पर पुलिस ने युवक युवती को उनके परिजनों के सुपुर्द नहीं किया। जबकि युवती के परिजन उसे अपने साथ ले जाने की बात पर अडे थे।

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को मधुर मेमोरियल हाई स्कूल लाल पठार पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आफरीन यूसुफ जई अंसारी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। शिविर में संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, शिक्षा का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, बाल श्रम निषेध अधिनियम, नालसा हेल्प लाइन 15100 के संदर्भ मे जानकारी दी गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, राजेश सक्सेना, प्राचार्य अनिल श्रीवास्तव, सुनीब बाबू पिंगले, हेमराज अहिरवार, अरुण अहिरवार, शीतल मैना सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकांए, छात्र, छात्राऐं उपस्थित थीं।

## तुलसी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे रेलयात्री की मौत



**गंजबासौदा।** रविवार को रात्रि के समय मुंबई से सुल्तानपुर की रेलयात्रा कर रहे यात्री की हार्ट अटैक से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दंपति मुंबई से इलाज कराकर लौट रहे थे। तभी तुलसी एक्सप्रेस में अचानक अटैक आ जाने से गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया और यात्री को उतारकर उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय ले जाया जा रहा था। इसके लिए एम्बूलेंस को कॉल कर सूचित कर दिया गया था। लेकिन उपचार के पहले ही रेलयात्री की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय जनचिकित्सालय ले जाया गया। जहां पोस्टमार्टम के पश्चात शव को सोमवार को परिजनों को सौंप दिया गया। आरपीएफ चौकी प्रभारी ने बताया कि उनको सूचना प्राप्त हुई थी कि गाड़ी क्रमांक 22129 के एस-1, सीट नंबर 1 पर रेलयात्री धर्मराज निशाद अचेत अवस्था में मिले। जिनको 108 एम्बूलेंस की मदद से शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय पहुंचाया गया।

### इलाके में चल रही है समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

# लेबर की कमी के चलते समय पर नहीं हो पा रही तुलाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जीवाजीपुर स्थित धान खरीदी केंद्र पर सोमवार को किसानों को अपनी उपज की तुलाई के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। किसानों ने आरोप लगाया कि केंद्र पर पर्याप्त मजदूर न होने के कारण तुलाई में अत्यधिक समय लग रहा है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान संजय कुमार रजक ने बताया कि वह अपनी धान की उपज लेकर दोपहर में समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए खरीदी केंद्र पर आए थे। शाम तक लगभग पांच घंटे खड़े रहने के बावजूद उनकी उपज की तुलाई नहीं हो पाई। उन्होंने इसका कारण खरीदी केंद्र पर मजदूरों की कमी बताया। सोमवार को खरीदी केंद्र पर लगभग 15 से 20 ट्रॉली धान पहुंची थी। किसानों का कहना है कि जिस हिसाब से ट्रॉलियां आ रही हैं, उस हिसाब से मजदूर उपलब्ध नहीं हैं, जिससे तुलाई प्रक्रिया धीमी पड़ गई है और केंद्र पर लगातार भीड़ बढ़ रही है। इस संबंध में खरीदी केंद्र प्रभारी बृजेंद्र सिंह रघुवंशी से चर्चा की गई।

उन्होंने स्वीकार किया कि दोपहर के समय उनके केंद्र पर कुल 9 मजदूर ही काम कर रहे थे। हालांकि, किसानों का मानना है कि 9 मजदूरों से 15 ट्रॉलियों में कई क्विंटल धान की तुलाई करना मुश्किल है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 20 जनवरी तक की जाएगी। समय कम बचा होने के कारण कई किसान ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक अपनी धान नहीं बेची है। मजदूरों की कमी के कारण किसानों की परेशानी और बढ़ रही है, क्योंकि उन्हें उपज बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

## सड़क किनारे फेंक दी गोली, कैप्सूल, इंजेक्शन



**गंज बासौदा।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेतवा नदी के रिपटा घाट पहुंच मार्ग पर पुलिया के किनारे दर्जनों की संख्या में गोली, कैप्सूल, इंजेक्शन खुले में फेंक दिए गए। बताया जाता है कि यह सारी दवाएं एक्सपायरी डेट की थीं और किसी मेडीकल संचालक, निजी चिकित्सक या चिकित्सा संबंधी व्यवसाय से जुडे व्यक्ति द्वारा असुरक्षित तरीके से इन्हें खुले में फेंका गया है।

# मुख्य मार्गों पर हो रहा पक्का अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। जो प्रशासन की नाक के नीचे मुख्य मार्गों पर दिन दहाड़े पक्के अतिक्रमण कर रहे हैं। उन्हे प्रशासन का तनिक भी भय नहीं है। ऐसा ही मामला सोमवार को देखने को मिला जब नगर के बीचों बीच जयस्तंभ चौक पर पोस्ट ऑफिस के बाहर शहर पुलिस थाना से चंद कदम दूर ही अतिक्रमणकारी द्वारा बेल्डिंग कर दुकान बनाकर पक्का अतिक्रमण किया जा रहा था।

नगर के बरेठ रोड नया बस स्टेण्ड, महाराणा प्रताप चौक के आसपास के क्षेत्र, शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय परिसर के पास, एलबीएस कॉलेज के आसपास मुख्य सड़क पर गुमठियां रखकर एवं जगह रोककर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे शासन की बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमण कारियों द्वारा कब्जा किया जा रहा है और इससे नगर को स्वच्छ एवं सुंदर और व्यवस्थित बनाने का अभियान भी प्रभावित हो रहा है।

यहां उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक और सरकारी स्थानों पर प्रशासनिक एवं नगर पालिका की अनदेखी से इसी तरह पहले कच्चे और फिर स्थाई अतिक्रमण कर लिए जाते हैं। जिन्हें बाद में नगर या यातायात व्यवस्था के लिए हटाए जाने पर प्रशासन को भारी दबाब और हंगामे का सामना करना पडता है और गुमठी संचालकों एवं अतिक्रमण कारियों को मुख्य मार्ग से हटाकर उनके उचित स्थान पर विस्थापन को लेकर भी प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को काफी मशक्कत करना पडती है। यहां यह भी गौरतलब है कि इनमें से अधिकांश अतिक्रमण संपन्न और रसूखदारों के हैं और वे अपनी गुमठी या अतिक्रमण में बनी दुकानों को किराए पर चढा देते हैं। जबकि वास्तविक दुकानदार बहुत कम हैं।

## आदेश जैन का निधन

**गंजबासौदा।** मुक्तानंद महाराज के ज्येष्ठ पुत्र एवं पूर्व विधायक निशंक जैन के बड़े भाई अपूर्व जैन, आर्जव जैन के पिता आदेश कुमार जैन का सोमवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा शाम को निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अंतिम विदाई दी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, मधुर जालौरी (madhur jaloree) आत्मजा श्री विजय प्रकाश जालौरी आयु-वयस्क निवासी :- वार्ड 22 सदर बाजार बासौदा विदिशा म.प्र. 464221 मेरे पेन कार्ड क्रमांक AHFTJ3833L एवं आधार कार्ड नंबर 757918997991 मे मेरा पूरा नाम मधुर जालौरी (madhur jaloree) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरा पासपोर्ट क्रमांक J7106345 मे मेरा नाम जालौरी मधुर विजयप्रकाश (jaloree madhur vijayprakash) पताः- बी 303 उत्तम प्लाजा अशोका नगर के पास खराड़ी पुणे - 411014 अंकित था। मैं अपने नये पासपोर्ट में अपना नाम मधुर जालौरी (madhur jaloree) एवं वर्तमान पताः- वार्ड 22 सदर बाजार बासौदा विदिशा म.प्र. 464221 दर्ज कराना चाहता हूँ। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम मधुर जालौरी (madhur jaloree) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**खबर संक्षेप**



## पूर्व विधायक निशंक जैन के बड़े भाई का आकस्मिक निधन

**सिरोंज।** पूर्व विधायक निशंक जैन के बड़े भाई आदेश जैन का आकस्मिक निधन होने पर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी शोक श्रद्धांजलि दी।

## बड़ा मलहरा कांग्रेस विधायक ने किए द्वारकाधीश दर्शन

**शमशाबाद।** बड़ा मलहरा से कांग्रेस विधायक रामसिया भारती ने शमशाबाद पहुंचकर बाबा रामदेव और द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मंदिर के पुजारी पं. गौरीशंकर शर्मा से आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक के आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। ईश्वरी भार्गव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप रत्नाकर, वीरेन्द्र सोनी, मनोज कुशवाह, पप्पू धाकड़ आदि कार्यकर्ताओं ने शाल, श्रीफल और फूल मालाओं से सम्मान कर उनका अभिनंदन किया। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने विधायक से विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर चर्चा भी की।

## आधे साल से नहीं मिला वेतन, अधिकारी बोले बजट नहीं आया

**गुलाबगंज।** पिछले 25 वर्षों से अस्पताल में अपनी सेवा दे रहे है दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हीरालाल घावरी को 6 माह से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारी का कहना है कि अधिकारियों से पूछते है तो बोलते हैं कि अभी बजट नहीं है। शासन को पत्र लिख दिया है जैसे ही बजट आएगा तो वेतन डाल दिया जाएगा। हीरालाल घावरी अपने कार्य के प्रति बहुत ईमानदार है एवं अनेकों बार घावरी को कार्य के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र भी मिले हैं और आज भी 6 माह वेतन न मिलने के बाद भी निरंतर अपनी सेवाएं संस्था को पूर्ण ईमानदारी से दे रहे हैं। रक्षाबंधन, दिवाली पर भी नहीं मिला वेतनदिवाली और रक्षाबंधन पर हीरालाल घावरी को वेतन नहीं मिला है। आखिर कैसे अपने घर का पालन पोषण करे त्यौहार मनाएं। अनेकों बार वेतन की गुहार लगने के बाद भी वेतन नहीं मिल रहा है।

### भाजपा नेता ने इंजीनियर के साथ कार्य का किया निरीक्षण

# शहर में फिर से चालू हुआ नल जल योजना का कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने फिर से नल जल योजना का कार्य चालू करवाया। विगत कुछ दिन पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पार्षद तोषमणी पंथी कन्ना ने शासन द्वारा संचालित अमृत 2 नल जल योजना के कार्य को लेकर नगरपालिका पर नाराजगी व्यक्त की थी। साथ ही इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा से शिकायत की। उसी समय विधायक उमाकांत शर्मा ने नल जल योजना के कार्य को बंद करने को कहा और नल जल योजना के सम्पूर्ण कार्य की समीक्षा बैठक भुलाकर अधिकारी कर्मचारियों से पूरे शहर में कहां पाईप लाईन का कार्य होना है और कहा कार्य पूर्ण हो चुका। इसकी समीक्षा की जिसके बाद विधायक उमाकांत शर्मा ने नपा कार्मचारियो को फटकार लगाई और कहा कि शहर में नल जल योजना का काम ठीक तरह से हो शहर की जनता को इस योजना का पूरा लाभ मिले।

पुराने मोहल्लो व पुरानी वस्तियों में तथा बाजार में भी पाईप लाईन का कार्य ठीक तरह से हो। वही भविष्य में कभी भी क्षेत्रीय लोगों को इस योजना से परेशानी ना हो सबको शासन की योजनाओ का लाभ मिले। यही हमारी ओर हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी के चलते सोमवार को नपा इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी कन्ना के सांथ वार्ड 16 एवं ढाल बाजार मोहल्ला का अपने कर्मचारियो के सांथ मौका स्थल निरीक्षण किया। वही भाजपा नेता श्री पंथी ने बताया कि अमृत 2 भारत सरकार की एक शहरी जल योजना है, जो सभी शहरों को जल सुरक्षित और ह्णआत्मनिर्भरह्ण बनाने के लक्ष्य के साथ शुरू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य सभी शहरी घरों में कार्यात्मक नल कनेक्शन के माध्यम से पानी की आपूर्ति करना, सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन प्रदान करना, और जल स्त्रोतों का संरक्षण व पुनरुद्धार करना है, ताकि पानी का कुशल प्रबंधन हो सके और हर घर जल की अवधारणा शहरी क्षेत्रों में भी पूरी हो सके।

### भाजपा ने दी योजना की जानकारी

वही भाजपा पार्षद तोषमणी पंथी ने अमृत 2.0 योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अमृत 2.0 योजना, जिसे आधिकारिक तौर पर अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण सरकारी पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के शहरी क्षेत्रों में जल सुरक्षा सुनिश्चित करना और बुनियादी नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना है। यह योजना शहरों में पानी की कमी की समस्या का समाधान करती है और भविष्य की जल जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। इसका लक्ष्य सभी शहरी परिवारों को पानी की आपूर्ति और सीवरेज/सेप्टेज सेवाएं प्रदान करना है। साथ ही बेहतर जल आपूर्ति और अपशिष्ट जल प्रबंधन से सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और बीमारियों में कमी आती है। यह जल स्रोतों के कायाकल्प और उन्हें स्थायी बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है, जैसे कि जल निकायों और कुओं का पुनरुद्धार। बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश से रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और शहरी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है।

# सांदीपनि विद्यालय में कक्षा 10 के दो मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान




**सिरोंज।** सांदीपनि विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान कक्षा 10 के दो मेधावी विद्यार्थियों अजय प्रजापति एवं भावना चिड़ार का सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। दोनों विद्यार्थियों ने कक्षा 10 में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

इन्हीं उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर उन्हें मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय की विशेष शैक्षिक योजना के अंतर्गत गुजरात राज्य शैक्षिक भ्रमण के लिए चयनित किया गया है। यह गर्व का विषय है कि राज्य की सभी शासकीय शालाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में शाला से इन दोनों प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर उनके व्यक्तित्व विकास, सीखने की क्षमता और अनुभवों को नई दिशा देगा। उन्होंने बताया कि यह भ्रमण ऐतिहासिक,सांस्कृतिक और ज्ञानवर्धक होगा। जहाँ विद्यार्थी महात्मा गांधी की जन्मभूमि, अहमदाबाद सहित गुजरात के कई महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन करेंगे। प्राचार्य श्री ताम्रकार ने कार्यक्रम में उपस्थित कक्षा शिक्षकों एवं वरिष्ठ शिक्षकों का भी स्नेहपूर्वक स्वागत किया और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं सतत सहयोग के लिए उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर,शान मियां, अब्दुल हसीब,राशिद खान सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यालय को अपने इन होनहार छात्रों पर अत्यंत गर्व है। यह भ्रमण निश्चित रूप से उनके ज्ञान, दृष्टिकोण और सोच को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेगा। कार्यक्रम उत्साह, सम्मान और मंगलकामनाओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## सिरोंज के सपूत फिर दिखाई दिए परदे पर

### फिल्म धुरंधर में वरिष्ठ रंगकर्मी व मंहत संजय मेहता ने निभाया अब्दुल भूटोवी का किरदार



**सिरोंज।** 5 दिसंबर को सभी सिनेमाघर में प्रदर्शित हो चुकी है फिल्म धुरंधर और इस फिल्म का निर्देशन आदित्य धर ने किया। इसके पहले भी आदित्याधर सर्जिकल स्ट्राइक उरी फिल्म बना चुके हैं यह फिल्म अभी तक 100 करोड़ का बिजनेस कर चुकी है और बॉक्स ऑफिस पर सफल है। इस फिल्म में सिरोंज सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ मंहत व वरिष्ठ रंगकर्मी पं संजय मेहता ने अब्दुल भूटोवी का चरित्र निभाया है जो आतंकवादी संगठन का सरगना है। मुंबई में हुए ब्लास्ट के लिए जिम्मेदार आतंकवादी है उनकी भूमिका बहुत सराही जा रही है फिल्म में रणवीर सिंह,अक्षय खन्ना,अर्जुन रामपाल और संजय दत्त भी हैं।

## बीना में प्राकृतिक व जैविक हाट बाजार का शुभारंभ, किसानों में उत्साह

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश तथा उपसंचालक कृषि के मार्ग दर्शन में आज बीना विकासखंड के गल्ला मंडी प्रांगण में प्राकृतिक एवं जैविक हाट बाजार का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र विधायक निर्मला सप्रे ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की जनपद अध्यक्ष श्रीमती उषा राय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिन किसानों ने प्राकृतिक एवं जैविक पद्धति से फसल या सब्जियों का उत्पादन किया है, उन्होंने अपने-अपने स्टॉल लगाए, जो पूर्णतः जैविक उत्पादों से सुसज्जित थे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेती-किसानी में रसायनों का कम से कम उपयोग कर प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देना, तथा स्वस्थ शरीर, स्वस्थ पर्यावरण और स्वस्थ समाज की दिशा में लोगों को प्रेरित करना है।

## पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज करणी सैनिकों ने एसपी ऑफिस पर प्रदर्शन किया

**सागर।** करणी सेना परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में एसपी कार्यालय में प्रदर्शन किया एवं रघुपति राघव राजा राम का कीर्तन पुलिस को चिर निद्रा से जगाने के लिए किया। करणी सैनिकों के आरोप हैं कि पुलिस अधीक्षक विकाश शहवाल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा को पूर्व में अपनी मांगों के चलते सौपे गए ज्ञापनों पर आज दिनांक तक कोई ठोस कार्यवाही नही की गई। करणी सेना परिवार जिला सागर द्वारा 1 वर्ष की अवधि में दिए गए करीब 6 ज्ञापनों में पुलिस प्रशासन द्वारा निराकरण नही किया।

### आईजा परिवार ने दी जैन समाज की बेटी सिद्धि जैन को बधाई

# एनडीए में पहली बार महिला कैडेट सिद्धि को मिला राष्ट्रपति पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जैन समाज की बेटी सिद्धि जैन ने इतिहास रचते हुए वायु सेना में स्थान हासिल किया। वह एनडीए की पहली महिला कैडेट बनीं, जिन्हें राष्ट्रपति पदक और सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड एयर कैडेट का सम्मान मिला। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने पदक प्रदान करते हुए कहा सिद्धि का प्रदर्शन महिलाओं की बढ़ती शक्ति और नेतृत्व का प्रतीक है। पहले प्रयास में असफल होने के बाद सिद्धि ने सेंचुरियन डिफेंस अकादमी में ट्रेनिंग ली और दूसरे प्रयास में एनडीए में



चयन पाया। तीन साल की कठिन ट्रेनिंग के बाद उन्होंने समग्र योग्यता क्रम में स्थान हासिल कर पहली महिला मेडलिस्ट बनने का गौरव पाया। सिद्धि अब वायु सेना अकादमी, डुंडीगल में प्रशिक्षण लेंगी और वायुसेना अधिकारी बनने का सपना पूरा करेंगी। वही सिद्धि जैन के वायुसेना अधिकारी बनने पर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने जैन समाज की बेटी सिद्धि जैन का बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विशेष ग्राम सभा में एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण कार्य की हुई समीक्षा

**ग्यारसपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत सभी 71 ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एवं शुद्धिकरण कार्य को लेकर विशेष ग्रामसभा का सफल आयोजन किया गया। ग्रामसभा में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, पटवारी, बीएलओ, बीएलए, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में किए जा रहे सुधार कार्यों की जानकारी दी गई। बताया गया कि ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से हटाने हेतु चिन्हित किए जा रहे हैं जिनका निधन हो चुका है और जो स्थाई रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं। इसके अलावा 2003 की सूची में सत्यापन के दौरान नहीं मिल पा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी साझा की। जिससे यदि किसी सक्रिय मतदाता का नाम गलती से सूची से हटाया जा रहा हो तो समय रहते सुधार किया जा सके।

# केवल ज्ञानी होना पर्याप्त नहीं, चरित्रवान होना भी अनिवार्य है: पं. केशव प्रसाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान मनुष्य के अंतःकरण को विकारों से मुक्त कर निर्मल बनाता है तथा उसके जीवन में पवित्रता का संचार करता है। उन्होंने कहा कि केवल ज्ञानी होना पर्याप्त नहीं, चरित्रवान होना भी अनिवार्य है। ज्ञान का वास्तविक उद्देश्य चरित्रवान व्यक्तित्व का निर्माण करना है। उक्त विचार स्वर्णकार कॉलोनी स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में गीता जयंती महोत्सव सप्ताह मुख्य वक्ता पंडित केशव प्रसाद शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कही। गीता के ज्ञान का व्यावहारिक जीवन में महत्व विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। शास्त्री ने आगे कहा कि वर्तमान समय में समाज जिन नैतिक चुनौतियों से गुजर रहा है, उन्हें दूर करने के लिए गीता के संदेश का जन-जन तक प्रसार जरूरी है। विभिन्न वक्ताओं ने रखे विचारमुख्य वक्ता के पूर्व मंचासीन अतिथि विश्व गीता प्रतिष्ठानम के प्रांत गीता शिक्षण प्रमुख सुरेन्द्र कुशवाह, एसएटीआई कॉलेज के प्रोफेसर केके पंजाबी, विभागाध्यक्ष जेएस चौहान, ब्रह्माकुमारी सपना दीदी, इतिहासविद गोविंद देवलिया, अरुण सोनी ने भी गीता के विविध आयामों पर अपने सारगर्भित विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएटीआई कॉलेज के डायरेक्टर वायके जैन ने की तथा संचालन डॉ. मनोज शास्त्री ने किया। विशेष अतिथि मनोज कटारे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि श्रीराम व्याख्यान माला के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर नियमित रूप से प्रवचन आयोजित किए जाते हैं। जिला समन्वयक मुकेश तिवारी ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने भारतीय संस्कार परंपरा को पुनर्जीवित करने में अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने गायत्री साधना के माध्यम से करोड़ों साधकों को संस्कारवान बनाया, जो आज समाज सेवा में समय, श्रम एवं संसाधन लगाकर निरंतर योगदान दे रहे हैं।

# किसान संघ ने ट्रैक्टर रैली निकालकर मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कुरवाई।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ द्वारा रघुवंश वाटिका में एकत्रित होकर ट्रेक्टर रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर बिजली की समस्या एवं बीमा मुआवजा की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा।



सौंपे गये ज्ञापन में कुरवाई में वर्तमान में खरीफ 2025 की सोयाबीन, उड़द, मक्का आदि सभी फसलें अति वृष्टि के कारण नष्ट हो गई। बार बार शासन प्रशासन से को अवगत कराया जा चुका है किन्तु न सर्वे कराया गया न ही मुआवजा एवं बीमा क्लेम दिया गया। शीघ्र मुआवजा बीमा दिया जाए। मक्का को समर्थन मूल्य पर खरीदा जाय। शासन के आदेशानुसार सिंचाई हेतु 10 घंटे निर्वाध विजली मिलना चाहिए किन्तु कभी फॉल्ट, कभी कटोती, कभी लोड सेटिंग आदि कारणों से लगभग 7,8 घंटे ही बिजली मिल रही है। कटी हुई बिजली की पूर्ति अतिरिक्त समय बड़ा कर की जाय। सीएम की घोषणा अनुसार 10 घन्टे दिन में बिजली सप्लाई दी जाए। उक्त समस्याओं के संबंध में पूर्व में भी अवगत कराया गया था। किंतु कोई निराकरण नहीं हुआ। समस्यों का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो भारतीय किसान संघ आंदोलन करने पर बाध्य होगा। कार्यक्रम में प्रांत मंत्री दिनेशबाबू दुबे, संभाग अध्यक्ष बिशन सिंह बघेल, जिला अध्यक्ष प्रशांत जैन, जिला मंत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी, राजेश श्रीवास्तव, रीतेश जैन, संजीव सिंह राजपूत, तहसील अध्यक्ष राकेश रघुवंशी, अरविंद सिंह राजपूत, शिवदयाल सिंह लोधी एवं भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# कुरवाई में संकल्प मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कुरवाई।** संकल्प मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल भोपाल के तत्वावधान में रविवार को कुरवाई बसस्टैंड स्थित टाउन हॉल में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच की गई तथा जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं।




शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे ने मुख्य अतिथि में किया गया। इस दौरान अतिथियों को पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। भोपाल से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का निःशुल्क परीक्षण एवं उपचार किया। अपने संबोधन में संकल्प मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर जीशान अहमद ने बताया कि उनका अस्पताल 60 बेड का आधुनिक चिकित्सालय है। जहां केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र मरीजों का 5 लाख रुपये तक का हर प्रकार का इलाज पूरी तरह निःशुल्क किया जाता है। उन्होंने आमजन से योजना का लाभ उठाने की अपील की। मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह सप्रे ने अस्पताल प्रबंधन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के शिविरों से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को बड़ा लाभ मिलता है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हसरूद्दीन खान ने अपने उद्बोधन में का इस तरह के आयोजनों से जनता सीधा लाभ मिलता है, इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी ने कहा कि हॉस्पिटल के संचालक डॉ अमजद कुरवाई के निवासी है ये कुरवाई के लिए गौरव की बात है। जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने संबोधन में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर जोर दिया। शिविर का संचालन काशिफ खान उर्फ अन्नू ने किया तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ अधिवक्ता शमशुल हसन हाशमी ने किया। इस अवसर पर नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष संदीप सप्रे, नगर परिषद उपाध्यक्ष इरफान काजी, एम जेड खान, पार्षदगण लालू पेंटर, जफर शेख, इलयास मोहम्मद, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मजाज मोहम्मद, वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल सलीम खान, बार एसोसियन के पूर्व अध्यक्ष संजय सेनी, एडवोकेट नवीन जैन, अनवर पटेल, डॉ जहीन आलम, पूर्व पार्षद सरवर पटेल, ठाकुर कुंवर सिंह, अंकित सप्रे, वरुण चौबे, मेहराजउद्दीन, शरीफ खान के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं आसपास के गांवों से लोग स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे।

### अब मरीजों को एक्सरा कराने नहीं होना पड़ेगा परेशान

# डिजीटल एक्सरे की सुविधा : विधायक ने किया नटेरन अस्पताल में एक्सरे मशीन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

शासकीय अस्पताल नटेरन में अब डिजीटल एक्सरे की सुविधा शुरु हो गई है। विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने सोमवार को नटेरन पहुंचकर लोकार्पण किया। नटेरन के सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों का एक्सरे नहीं हो पार रहा था। जिसके चलते मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के रहवासियों ने विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को अपनी परेशानी बताई।

वहीं अस्पताल प्रबंधन ने भी डिजीटल एक्सरे मशीन की जरुरत बताई थी। जिसके बाद विधायक ने शासन से पत्राचार किया, जहां से एक्सरे मशीन की मंजूरी मिली।



जिसे पिछले दिनों नटेरन के सरकारी अस्पताल में फिट कर दिया गया। विधायक मीणा ने कहा कि इस मशीन के लगने के बाद मरीजों को एक्सरा कराने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। अस्पताल में मशीनों की कमी नहीं होने देंगे। मरीजों को सरकारी अस्पताल में ही बेहतर इलाज मिले इसके पूरे प्रयास हो रहे हैं। नटेरन समेत आसपास के करीब ऐसे 100 से ज्यादा गांव के मरीजों को खासतौर पर हड्डी के मरीजों के लिए अपना एक्सरे कराने के लिए परेशान होना पड़ता था। बताया गया कि करीब 20 लाख से ज्यादा की कीमत वाली यह एक्सरे मशीन की खासियत है कि इसके जरिए मरीज का एक्सरा उसके मोबाइल पर पहुंच जाएगा। साथ ही जो डाक्टर इलाज कर रहा है उसके पास भी एक्सरे पहुंच जाएगा। जिसके चलते मरीज को यहां वहां पर नहीं भटकना पड़ेगा। नटेरन बीएमओ नीतू सिंह ने बताया कि जो मशीन नटेरन के सरकारी अस्पताल को मिली है वह पूरी तरह से आधुनिक है। ऐसी एक्सरे मशीन बहुत ही कम सरकारी अस्पताल में हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से छात्र की मौत

**दीवानगंज/सलामतपुर।** सोमवार को सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक छात्र की दोपहर लगभग 1 बजे ट्रेन से कटकर मौत हो जाती है। मृतक छात्र का शव लगभग दो घंटे तक रेलवे लाइनों के बीच में पड़ा, लेकिन जीआरपी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। सूचना पर चौकी पुलिस ने पहुंचकर शव को पीएम के लिए भिजवाया। मृतक छात्र की पहचान 16 वर्षीय जयेश लोधी पिता राजेश निवासी खेमखेड़ी गांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि छात्र स्कूल से आठवीं कक्षा के पेपर देकर पैदल ही अपने घर वापस जा रहा था, तभी रेलवे पटरियां पार करते समय मेमो ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

### बालमपुर घाटी पर ट्रक की स्टेरिंग हुई फेल

**दीवानगंज।** बालमपुर घाटी पर सोमवार को फिर एक हादसा होते होते टल गया। एक ट्रक बालमपुर घाटी उतर रहा था इसी दौरान ट्रक की स्टेरिंग फेल हो गई जिससे वह अनियंत्रित होते हुए घाटी के नीचे दूसरे ट्रक से टकराने से बाल बाल बच गया। बता दें कि भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित बालमपुर घाटी पर हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। सालभर में दर्जनभर से ज्यादा ट्रक घाटी पर पलट चुके हैं, जिनमें कई लोग घायल भी हुए हैं। हादसों को रोकने एमपीआरडीसी द्वारा कुछ महीने बालमपुर घाटी को दोनों तरफ चार-चार मीटर चौड़ा किया था। ताकि हादसों में कमी आ सके।

बाउंड्रीवॉल विहीन स्कूल शाम होते ही अहाता में हो जाते हैं तब्दील

# जिले के 930 सरकारी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल बाउंड्रीवॉल विहीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला शिक्षा विभाग जिला शिक्षा केंद्र रायसेन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जिले के लगभ एक हजार सरकारी प्राइमरी, मिडिल स्कूलों में बाउंड्रीवाल नहीं बनी है, जिससे छात्र-छात्राएं असुरक्षित हैं। जिम्मेदार अधिकारियों ने भी अभी बाउंड्रीवाल बनवाने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए हैं। विभागीय आंकड़ों को अगर हम मानें तो सबसे ज्यादा छोटे बच्चे प्राथमिक, मिडिल स्कूलों में भी शिक्षा अध्ययन करने पहुंचते हैं। इन स्कूलों में बाउंड्रीवाल नहीं बने होने से स्कूली बच्चों पर हमेशा जान का खतरा बना रहता है।

इसके अलावा स्कूलों की छुट्टी होने के बाद स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों का डेरा जम जाता हैं। वहीं शराबियों की भी रात में महफिले सजती है, जिसका स्कूल भवनों और सामग्रियों को नुकसान पहुंचता है। अब जिला शिक्षा विभाग और जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारी जिलेभर की बीआरसी से प्रस्ताव बुलवा कर स्कूलों की बाउंड्रीवाल मंजूरी के बाद उन्हें जल्द बनवाने की बात कर रहे हैं।

#### बच्चों की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

रायसेन जिले में सबसे ज्यादा शासकीय प्राथमिक और मिडिल स्कूल हैं। जिनमें बाउंड्रीवाल के अभाव में बच्चों की सुरक्षा पर अब सवाल उठ रहे हैं। इन सरकारी स्कूलो में सरकार प्राथमिकता के साथ बाउंड्री वाल का निर्माण कराए ताकि बच्चे खुद को सुरक्षित महसूस करें।

#### बिना बाउंड्रीवाल वाले प्राथमिक व मिडिल स्कूल

| विकासखंड | स्कूल |
|---|---|
| सांची | 134 |
| गैरतगंज | 79 |
| औबेदुल्लागंज | 99 |
| बेगमगंज | 125 |
| बाड़ी | 117 |
| उदयपुरा | 233 |
| सिलवानी | 149 |




#### इधर आदेश आया स्कूलों में आवारा कुत्तों का प्रवेश रोकें

जिले के लगभग एक हजार सरकारी प्राथमिक, मिडिल स्कूलों में बाउंड्रीवाल नहीं है। वहीं दूसरी ओर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश दिए हैं कि स्कूल परिसर में कुत्तों के घुसने पर रोक लगाएं। ऐसे में स्कूलों के शिक्षकों के सामने यह सवाल खड़ा होता है कि वह बच्चों की पढ़ाई कराए या फ़िर आवारा कुत्तों को घुसने से बिना बाउंड्रीवाल के कैसे रोकें। आदेश होने के कारण अब शिक्षक जैसे-तैसे व्यवस्था बनाने की बात कह रहे है।

दरअसल कुत्तों के काटने की घटनाओं पर विराम देने कोर्ट द्वारा दिए आदेश का पालन करने के लिए डीईओ डीडी रजक, डीपीसी पीके रैकवार स्कूल प्राचार्यों सहित शासकीय प्राइमरी मिडिल सरकारी गैरसरकारी प्राइमरी मिडिल स्कूलों के हेडमास्टरों को भी यह निर्देशित किया है कि बाउंड्रीवाल और तार फेंसिंग लगाकर परिसरों को सुरक्षित बनाएं, ताकि आवारा कुत्ते यहां प्रवेश नहीं कर सकें।

#### इनका कहना है...

हमने जिले के शासकीय प्राइमरी और मिडिल स्कूलों के बीआरसी के अधिकारियों से इस संदर्भ में प्रस्ताव बुलवाए हैं। यह सभी प्रस्ताव भोपाल के वरिष्ठ कार्यालय भेजे जाएंगे, जहां से बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए बजट प्राप्त होगा, जिससे बाउंड्रीवालों का निर्माण हो सके।

**- पीके रैकवार,** डीपीसी रायसेन।

#### यह हैं प्रमुख समस्याएं

ऐसे बहुत से सरकारी स्कूल हैं जो मुख्य मार्गों के समीप लगते हैं। ऐसी स्थिति में स्कूल बच्चे खुले मैदान से बाहर जा सकते हैं। बाउंड्री वॉल के अभाव में आवारा मवेशी एवं आवारा कुत्ते बेधड़क घुस जाते हैं, जिससे बच्चों को सुरक्षा का खतरा रहता है। स्कूलों के सामने से मुख्य सड़कें भी गुजरती हैं जिसे बच्चों को सड़क दुर्घटनाओं का भी हमेशा खतरा बना रहता है। स्कूलों के खुले परिसर में आवारा पशुओं स्कूल भवनों को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। कई स्कूलों में किचन, गार्डन, पौधें आदि को बाउंड्री वाल के अभाव में आवारा मवेशी नष्ट कर जाते हैं।

## बिना जांच किए छात्र का नाम एफआईआर में किया शामिल

### रघुवंशी समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सोमवार को अखिल भारतीय अखंड क्षत्रिय रघुवंशी महापरिषद् ने छात्र राजा रघुवंशी का एफआईआर में दर्ज झूठा नाम हटाने की मांग को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा।

एसपी को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि गत 17 नवंबर को भास्कर यादव ने सिलवानी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एफआईआर क्रमांक 0407 में भास्कर यादव ने अन्य लोगों के साथ रघुवंशी समाज के होनहार छात्र राजा रघुवंशी का भी नाम थाना प्रभारी पूनम सविता को मोटी रकम देकर लिखवाया गया। इसके बाद थाना प्रभारी पूनम सविता द्वारा छात्र राजा को धमकी दी जा रही है कि तुम अपनी जमानत करवा लो नहीं तो तुम्हारे खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर दूंगी। छात्र राजा पुलिस के इस कृत्य से मानसिक रूप से परेशान है। ऐसी स्थिति में राजा के साथ अगर कोई अप्रिय घटना होती है इसके लिए थाना प्रभारी जिम्मेदार रहेगी। जबकि राजा रघुवंशी का वक्त घटना से किसी तरह का कोई लेना-देना नहीं है। राजा घटना के समय मौके पर नहीं था, घटना के समय राजा रघुवंशी वार्ड 4 मां शारदा स्कूल के पास स्थित अपने मामा के घर पर था।

ज्ञापन में रामकुमार रघुवंशी, सौरभ रघुवंशी, ओम रघुवंशी, नीरज रघुवंशी, सत्येंद्र सिंह, अभिषेक, राजीव रघुवंशी ने बताया कि पुलिस बगैर जांच किया फरियादी भास्कर यादव के कहने पर राजा रघुवंशी का नाम एफआईआर में झूठा दर्ज कर दिया है। जबकि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से अगर जांच की जाए तो इस मामले की पुष्टि हो जाएगी।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन


सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा विभागीय योजनाओं, गतिविधियों तथा सीएम हेल्पलाईन की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण एसआईआर अंतर्गत शेष गणना पत्रकों को शीघ्र डिजिटाइज्ड कराने के निर्देश संबंधित एसडीएम को दिए।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। अधिकारी स्वयं व्यक्तिगत रूप से निराकरण कराएं।

## अब पीएम क्रिटिकल केयर यूनिट में गंभीर मरीजों को मिलेगा इलाज

### जिला अस्पताल में बनकर तैयार हुई बिल्डिंग में चल रहा शिफ्टिंग कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



जिला अस्पताल में अब इमरजेंसी क्रिटिकल यूनिट भी प्रारंभ होने जा रहा है। इस यूनिट में गंभीर मरीजों का इलाज किया जाएगा। वर्तमान में क्रिटियल मरीजों के लिए कोई अलग से यूनिट नहीं था और न ही कोई डॉक्टर अलग से पदस्थ थे, जिससे गंभीर मरीजों को भोपाल रेफर कर दिया जाता था। परन्तु अब यह सुविधा जिला अस्पताल में प्रारंभ हो गई है, जिससे गंभीर मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही पूर्ण सुविधा उपलब्ध होगी।

जिला अस्पताल में पीएम अभीम क्रिटिकल केयर यूनिट की तीन मंजिला भवन में पिछले दो दिनों से शिफ्टिंग कार्य चल रहा है। शिफ्टिंग कार्य पूर्ण होते ही मरीजों को सुविधा भी उपलब्ध होने लगेगी।

जिला अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि क्रिटिकल यूनिट में एक्सीडेंटल मरीज, गंभीर मरीजों को अब जिला अस्पताल में ही स्थानीय स्तर पर ही सभी सुविधाएं मिल सकेगी। यूनिट में ट्रामा सेंटर, डायलेसिस सेंटर, ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू, एसएनसीयू, आईसोलेशन वार्ड आदि गंभीर चिकित्स वार्ड शिफ्ट किए जा रहे हैं। जिससे गंभीर मरीजों का एक ही जगह इलाज हो सके और उन्हें यहां-वहां न भटकना पड़े।

समिति में प्रभारी मंत्री रहेंगे उपाध्यक्ष

## सीएम की अध्यक्षता में जिला विकास समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सीएम डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाजसेवा, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के नामित 20 प्रतिनिधियों और मप्र शासन द्वारा नामित प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए जिले में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया है। सीएम डॉ यादव की अध्यक्षता में गठित इस समिति में जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार उपाध्यक्ष है तथा कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा सदस्य सचिव हैं।

इस जिला विकास सलाहकार समिति में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, सुरेन्द्र पटवा तथा देवेन्द्र पटेल, जिपं अध्यक्ष यशवंत मीणा, नपाध्यक्ष सविता सेन सहित जिले के सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्षों को सदस्य बनाया गया है।

साथ ही समाजसेवी रामपाल सिंह राजपूत, राकेश शर्मा, सुरेन्द्र तिवारी, पत्रकार सुरेश बिदुआ, अजय जैन, देवेन्द्र वर्मा, गोविंद सिंह राजपूत, एस. मुनियन, हरिनारायण धाकड़, बृजेश चतुर्वेदी, राममोहन बघेल, भूपेन्द्र वर्मा, विजय शुक्ला, राजेन्द्र रघुवंशी, माधोसिंह, हेमराज मीणा, रविन्द्र विजयवर्गीय, विपिन भार्गव, पंकज श्रीवास्तव तथा कुलदीप विश्नोई को जिला विकास सलाहकार समिति में सदस्य नामांकित किया गया है।

## बायपास पर उड़ती धूल से राहगीर परेशान

### पिपरिया मार्ग पर बना बायपास मार्ग परेशानियों का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बीते दिनों पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कलां के पास मछवाई नाले का पुल मरम्मत कार्य के दौरान बीच में से टूट कर गिर गया था। पुल टूटने की घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई। एमपीआरडीसी द्वारा आनन-फानन में बायपास मार्ग का निर्माण कराया गया। बायपास मार्ग पर 24 घंटे उड़ती धूल और मार्ग पर डाला कोपरे की गिट्टी के उचटने के कारण दो पहिया वाहनों घायल हो रहे है। जोखिम भरा बाईपास वाहन चालकों के लिए परेशानियों का कारण बन रहा है।

भारी वाहन प्रवेश निषेध -एमपी आरडीसी द्वारा बनाए गए बाईपास की शुरुआत में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध का बोर्ड लगाया गया है।बरेली पिपरिया मार्ग पर 24 घंटे में हजारों छोटे बड़े वाहनों का आवागमन बना रहता है।किसान पिपरिया मंडी में अपनी उपज ले जाते हैं। बाहर से आने वाले बड़े वाहन बाईपास के मुहाने तक पहुंच जाते हैं तब उन्हें मालूम पड़ता है कि आगे मछवाई नाले का कमजोर बाईपास बनाया गया है बड़े वाहनों को वापस करने में यातायात अवरोध और जाम की स्थिति बनती है।बरेली और पिपरिया दोनों स्थानों पर जहां से मार्ग शुरू होता है बड़े भारी वाहनों को रोके जाने से समस्या कम हो सकती है।




दूसरा पिपरिया मार्ग पर दिनभर यात्री बसों का आना-जाना बना रहता है उड़ती धूल से यात्री छोटे वाहन चालक और दो पहिया वाहन चालकों की आंखों में नाक में भारी मात्रा में धूल अंदर पहुंच कर एलर्जी होने और परेशानियों का कारण बन रही है।धूल को उडने से रोकने के उपाय एमपी आरडीसी द्वारा किए जाने की मांग की जा रही है।

## बेगमगंज में 9 दिसम्बर को आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा संगम मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 9 दिसंबर को जनपद पंचायत बेगमगंज में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला आज मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया है। इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

इस जिला स्तरीय युवा संगम मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा कई पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी।

# सुल्तानगंज में मुनिद्वय का मंगल मिलन बना आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सिलवानी अखण्ड दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालु सोमवार को आध्यात्मिक उत्साह और भक्ति भावना के साथ सुल्तानगंज पहुंचे, जहां आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य तथा देश भर में प्रसिद्ध शंका समाधान प्रवचन श्रृंखला के प्रणेता मुनि प्रमाण सागर महाराज की अगवानी की।

समाजजनों ने यहां पहुंचकर मुनिश्री के चरणों में नमन किया, उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा श्रीफल भेंट कर सिलवानी आगमन का विनम्र आग्रह भी किया। मुनि प्रमाण सागर महाराज का आगमन नगर से लगभग



25 किलोमीटर दूर बेगमगंज तहसील के कस्बा सुल्तानगंज में हुआ, जहां पहले से ही मुनि श्रेयांस सागर महाराज विराजमान हैं। आगमन के अवसर पर समाजजनों और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक ढंग से भव्य अगवानी की। इस दौरान विद्वान मुनिद्वय मुनि प्रमाण सागर महाराज और मुनि श्रेयांस सागर महाराज का अत्यंत सौहार्द पूर्ण मंगल मिलन हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव किया।

#### बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, भक्ति उत्साह का अनूठा दृश्य

सिलवानी जैन समाज के महिला, पुरुष, युवा और युवतियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न वाहनों के माध्यम से सुल्तानगंज पहुंचे। लंबे समय से मुनि प्रमाण सागर महाराज के दर्शन की मनोकामना लिए समाजजन सुल्तानगंज में एकत्रित हुए। श्रद्धालुओं ने मुनिश्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा श्रीफल भेंट कर किए व सिलवानी आगमन का मंगल आमंत्रण सौंपा। विदित है कि समाज का यह आमंत्रण अत्यंत आत्मीयता और विनम्र भाव से दिया गया, सोमवार दोपहर शंका समाधान कार्यक्रम भी संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपने आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

मुनि प्रमाण सागर महाराज ने जैन दर्शन, साधना, संयम एवं जीवन मूल्यों पर आधारित प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत रहा और मुनिश्री के उद्बोधनों ने सभी के हृदय में शांति व सकारात्मकता का संदेश स्थापित किया।

सुबह छाने लगा कोहरा, जमने लगी ओस की बूंदे

# शीतलहर से कांपे लोग, 8 डिग्री पर आया तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

तापमान में आ रही लगातार गिरावट से कड़ाके की ठंड ने जोर पकड़ लिया है। वहीं सुबह के समय ओस की बूंदें जमने लगी हैं। मौसम साफ होते ही ठंड अपना असर तेज दिखाने लगी है। शाम ढलते ही गली मोहल्ले और चौराहों पर अलाव जलने लगे हैं। वहीं सुबह के समय मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों की संख्या में फिलहाल कमी आ गई है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर के मुताबिक जिले में उत्तर पश्चिमी हवा की दिशा की गति 2.0 और 4.0 प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। जिससे कंपकंपा देने वाली ठंड पड़ रही है। शाम ढलते ही शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड में और बढ़ोतरी की संभावना है। स्कूल जाने वाले बच्चों और राहगीरों को भी ठंड का अधिक अनुभव हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह 6 से 9 बजे तक कोहरा



सबसे अधिक रहा, जिसके कारण यातायात पर असर पड़ा। कई जगहवाहनों की लंबी कतारें भी देखने को मिलीं और चालक सावधानी से वाहन चलाते नजर आए।

डॉक्टरों का मानना है कि ठंड के मौसम में सेहत को लेकर जागरूक रहने की जरुरत है। जरूरी काम होने पर ही शाम ढलने के बाद घर से बाहर जाएं। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए लोग गर्म ऊनी शॉल कपड़ों मफलर कोट आदि से शरीर को ढककर ही निकलें। बुजुर्गों को सर्दी के मौसम में पूरी तरह सजग रहने की जरूरत है।

### कड़ाके की ठंड : तापमान लगातार नीचे गिरने के साथ सुबह कोहरा छाया

**दीवानगंज।** क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। सुबह और रात के समय शीतलहर जैसे हालात देखने को मिल रहे हैं। न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। सुबह-सुबह बाजारों में सन्नाटा देखा गया जबकि सड़क पर भीड़ अपेक्षाकृत कम रही। सर्द हवाओं के कारण लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं, वहीं गर्म कपड़ों की बिक्री में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

सुबह घना कोहरा छाया रहने से दृश्यता काफी कम रही। सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। कोहरे के कारण सड़कों पर धुंध की सफेद चादर नजर आई, जिससे वाहन दूर से दिखाई नहीं दे रहे थे।

## शौर्य दिवस पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने निकाली रैली

### श्री हनुमान गढ़ी मंदिर में हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शौर्य दिवस के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में विशाल रैली निकाली गई केसरिया ध्वज पताकाओं के साथ दो पहिया चार पहिया वाहन भी साथ रहे। श्री रामलीला मैदान से बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद की विशाल भव्य रैली प्रारंभ होकर नगर भ्रमण के बाद प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंची जहां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ समापन हुआ।

#### नगर में किया भ्रमण

बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह के साथ शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में विशाल रैली निकाली गई।



रैली में हाथों में भगवा ध्वज पताका लेकर कार्यकर्ता पदाधिकारी सम्मिलित हुए। टॉकीज रोड बड़ा बाजार छोटा बाजार मुख्य मार्ग से होते हुए रैली हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंची जहां कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान जी एवं श्री राम दरबार की विशेष पूजन के साथ सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। रैली के दौरान जय श्रीराम सनातन धर्म के जमकर कार्यकर्ताओं द्वारा नारे लगाकर नगर को भगवामय किया जाता रहा।